तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

12 शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर जनता का मिल रहा जबरदस्त...



12 समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का हो रहा निवारण



## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी नितिन कुमार व साहिल उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। नानकू का नगला गांव के बलविंद्र सिंह ने 14 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव गोली में आरोपियों ने हमला कर उससे नकद राशि लूट ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तस्करी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अंबाला।** एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि नशे का कारोबार करने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को नशे की तस्करी में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बतलाया कि नशा युवा वर्ग को दीमक की तरह खा रहा है। युवा वर्ग अक्सर 16-30 वर्ष की आयु में नशे का शिकार होते हैं। धीरे-धीरे नशे के चक्रव्यूह में फंस जाते हैं।

### निबंरी में विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव निबंरी में विवाहिता वर्षा पत्नी अमरजीत ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला अपने पति अमरजीत की कथित बेवफाई और तलाक का केस दायर करने से परेशान थी। लगातार मानसिक तनाव के चलते वर्षा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कट्टे के साथ आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने उझा मोड़ पर जोगिंद्र उर्फ निक्का पुत्र सतपाल निवासी मुडलाना सोनीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी जोगिंद्र उर्फ निक्का पर थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं आरोपी पर सोनीपत व करनाल में हत्या व जानलेवा हमला की वारदातों के चार केस दर्ज है।

# हथनीकुंड बैराज पर न्यूनतम स्तर होने से सामान्य जलस्तर पर बह रही यमुना

## पहाड़ी इलाकों व मैदानी इलाकों में आसमान में छाए हैं बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- तेज बारिश हुई तो बढ़ सकता है हथनीकुंड बैराज का जलस्तर

पहाड़ी इलाकों में छाए घने बादलों व रुक रुक कर हो रही बारिश के बावजूद हथिनी कुंड बैराज पर यमुनानदी का जलस्तर सामान्य स्तर पर बह रहा है। मगर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और हथिनीकुंड बैराज पर यमुना नदी के जलस्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन द्वारा हथिनी कुंड बैराज में बाढ़ चेतावनी कक्ष बनाया गया है। जिसमें यमुना नदी समेत बरसाती नदियों के जलस्तर की पूरी जानकारी रखी जा रही है। वीरवार को हथनीकुंड बैराज पर चार बजे जलस्तर मात्र 4, 869 क्यूसिक था।

बैराज के सूत्रों ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर अन्य दिनों की तरह सामान्य स्तर पर बह रहा है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में रुक रुक कर बारिश हो रही है। मगर फिलहाल हथनी कुंड बैराज पर पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है।



यमुनानगर के हथिनी कुंड बैराज पर बहता हुआ सामान्य स्तर पर जलस्तर।

### हथिनी कुंड बैराज पर कड़ी निगरानी रखी जा रही

वीरवार शाम चार बजे तक हथिनी कुंड बैराज पर मात्र चार हजार 869 क्यूसेक पानी बह रहा था। जो न्यूनतम जलस्तर से भी कम है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में रुक रुक कर हो रही बारिश को देखते हुए हथिनी कुंड बैराज के जलस्तर पर प्रशासन पिछले करीब पंद्रह दिन से कड़ी निगरानी रखे हुए है। आशंका जताई जा रही है कि यदि पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश हुई तो हथनी कुंड बैराज पर जलस्तर बढ़ सकता है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हथिनी कुंड बैराज पर कर्मचारियों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। फिलहाल कोई घबराने की बात नहीं है।

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र पर दिया धरना

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र पर विशाल धरना दिया गया और सरकार के सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेतृत्व जिला प्रधान राजेंद्र टंडन व महासचिव संदीप चौहान ने किया। इस अवसर पर जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, संदीप चौहान, सुखदेव लाडवा, नरेश फूले ,अमन पाल, राजेंद्र जांगड़ा, सुबे सिंह,सतीश भारद्वाज, सुरेश मुकीमपुर, देवदत्त, रमेश रंगा, रमेश भट्ट, राम कुमार, करनैल,वीरेंद्र, विक्रम वड़ैच, धर्मवीर, प्रवीन, संजीव, अमरजीत पांचाल ,अमित ,राजेंद्र मनोज मेहरा आदि सैकड़ो अध्यापक मौजूद रहे। प्रधान राजेंद्र टंडन ने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ काफी समय से सरकार के पास अपने विभिन्न मांगों को लेकर समय-समय पर ज्ञापन देता रहा है लेकिन सरकार के उसे पर बिल्कुल भी कार्य नहीं कर रहे। उन्होंने बताया कि आज की मुख्य मांगे जनरल स्थानांतरण ड्राइव शुरू करना, अंतर जिला स्थानांतरण, जेबीटी को 39900 का पे स्केल, सभी स्कूलों में सफाई कर्मचारी की व्यवस्था, बीएलओ के कार्यों में लगे अध्यापकों को को कार्य मुक्त करना व अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्यालय लिया जाना, एलटीसी समय पर जारी करना, प्राथमिक खेलों के लिए अलग से बजट पास करना, सभी प्राथमिक स्कूलों में मुख्य शिक्षक का पद सृजित करना, छात्र अध्यापक अनुपात 25:1 करना, चिराग योजना के बंद करने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने, मेडिकल लीव का प्रावधान करने और बिना दस्तावेजों के भी दाखिलों में दाखिला करने का प्रावधान किए जाने की मांग को लेकर धरना देकर और उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



कुरुक्षेत्र। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

# एग्रो मॉल कुर्क करने के आदेश

## तहसीलदार पानीपत ने की अदालत के आदेश की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- प्रशासन ने मार्केट कमेटी को इसके आदेश भेज दिए

पानीपत की जीटी रोड किनारे स्थित एग्रो मॉल की कुर्की के आदेश जारी हुए है। वहीं, अदालत के आदेश पर प्रशासन ने इस पर संज्ञान लेते हुए मार्केट कमेटी को इसके आदेश भेज दिए हैं। स्मरणीय है कि पानीपत नगर निगम ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप मार्केट कमेटी से इस जमीन का 74 करोड़ में सौदा भी कर लिया। इसमें 67 करोड़ एडवांस दे दिए और सात करोड़ रजिस्ट्री पर देने की बात तय थी। अब तक जमीन की रजिस्ट्री निगम के नाम नहीं हो सकी। नगर निगम ने यहां आधुनिक कार्यालय बनाने के लिए करीब सात करोड़ का टेंडर तक लगा दिया। महानगरों की तर्ज पर इमारत का प्लान और डिजाइन तक तैयार करा लिया गया। यही नहीं एग्रो मॉल को नगर निगम कार्यालय बनाने के लिए इसी साल जनवरी महीने में उद्घाटन तक कराया जा चुका है। इधर, एफसीआई गोदाम के पास परशुराम धर्मशाला के साथ शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार की जमीन थी। जिसका मार्केट कमेटी ने अधिग्रहण कर लिया था। इस जमीन को लेकर वह पक्ष कोर्ट चला गया। मार्केट कमेटी ने उक्त जमीन के बदले अपनी एग्रो मॉल वाली जमीन का हवाला दे दिया। बताया जा रहा है कि मार्केट कमेटी ने कोर्ट में विचाराधीन केस की पैरवी तक सही से नहीं की। जिसके बाद कोर्ट ने इस मसले का हल निकालते हुए इसे कुर्क करने के आदेश दिए हैं।

### एग्रो मॉल की पांच मंजिला इमारत है

गौरतलब है कि एग्रो मॉल की पांच मंजिला इमारत है। इसमें दो बेसमेंट पार्किंग सुविधा के साथ, भूतल पर 24 रिटेल दुकान, प्रथम तल पर 28 रिटेल की दुकानें और दूसरे तल पर पांच शोरूम, एक फूड कोर्ट है। तीसरे तल पर भी 12 शोरूम और चौथे तल पर सिर्फ बैठक हॉल है। इस मॉल में पानीपत नगर निगम का जीटी रोड व ताऊ देवी लाल कांपलेक्स वाले दोनों कार्यालय शिफ्ट किए जाने थे। ये प्रोजेक्ट शहर के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक था। जिसे शहर की सरकार और विधायक पिछले चार साल से करवाने की तैयारी कर रहे थे। इधर, पानीपत की तहसील के तहसीलदार वीरेंद्र गिल ने बताया कि अदालत से एग्रो मॉल को कुर्क करने के आदेश मिले थे। इसे लेकर मार्केट कमेटी को पत्र भेजा जा चुका है।

# आईटी प्रोफेशनल्स 21 को पंचकूला में करेंगे कूच

## परिवहन मंत्री को ज्ञापन देकर मांगों पर विचार करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- सीएम आवास तक निकाला जाएगा रोष मार्च

हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन से संबंधित बीएमएस के तत्वावधान में आईटी प्रोफेशनल ने वीरवार को परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल को रेगुलर करने की पॉलिसी बनाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मंत्री ने प्रोफेशनल्स को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे उनकी मांगों को लेकर वे सीएम नायब सैनी से बात करेंगे। इस मौके पर हारट्रोन आईटी प्रोफेशनलस ने असीम गोयल को अपनी मांगों बारे अवगत करवाते हुए कहा कि अनुबंध के आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स हैं। वे अपनी सेवाएं नियमित करने का प्रयास कर रहे हैं। अपनी एक सूत्री मांग रखते हुए उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड, मिशन/केंद्रीय स्कीम, सांविधिक निकायों व निगम (हारट्रोन इन हाउस ) में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत लगभग पांच हजार हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स की सेवाएं नियमितिकरण करने के लिए तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी करे। सदस्यों ने कहा कि जब तक एक सूत्री मांग की अधिसूचना जारी नहीं की जाती तब तक राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत आईटी प्रोफेशनल्स संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। प्रोफेशनल्स ने कहा कि हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कार्यरत कर्मचारियों व उनके परिवार में यदि किसी व्यक्ति के साथ स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो जाता है तो पूरे परिवार का भरण-पोषण व जीवन-यापन असंभव हो जाता है इसलिए सरकार से अनुरोध है कि सभी कर्मचारियों को खुला चिकित्सा भत्ता/कैशलेस चिकित्सा व किसी भी कारण से कर्मचारी की मृत्यु होने उपरान्त एक्स-ग्रेसिया स्कीम का लाभ प्रदान किया जाए। आईटी प्रोफेशनल्स सरकार की सेवा में पूरी सत्यनिष्ठा से कार्यरत रहने व सरकार द्वारा तिरस्कार करने पर भी यदि कर्मचारी 58 वर्ष अर्थात सेवानिवृत्ति की आयु पूर्ण होने तक हारट्रोन के माध्यम अनुबन्ध आधार पर कार्यरत है तो ऐसे सभी कर्मचारियों को एनपीएस/ओपीएस व ग्रेच्युटी का लाभ प्रदान किया जाए ताकि कर्मचारी व उसके परिवार का भरण-पोषण हो सके।



परिवहन एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल को ज्ञापन सौपते हारट्रोन आईटी प्रोफेशनल्स। फोटो : हरिभूमि

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण प्रजापत के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल कार्यालय में कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर व सरकार विरोधी नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण प्रजापत ने बताया कि पूरे प्रदेश में काले रिबन लगाकर सरकार विरोधी प्रदर्शन किया जा रहा है। कच्चे कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। उनकी मुख्य मांगे कच्चे कर्मचारियों को जोब सुरक्षा गारंटी दी जाये। समान काम समान वेतन दिया जाये। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की जाये।

उन्होंने बताया कि इन सभी मांगों को लेकर आगामी 24 जुलाई को जिला उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। यदि सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं करती तो कर्मचारी आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

मौके पर संदीप सैनी, कमल कश्यप, संजीव, मीणा, संगीता, दीपमाला, सुमित सैनी, गौरव, विक्की, पंकज, नवीन, अमरजीत व बीर सिंह आदि मौजूद थे।



यमुनानगर के रादौर सरकारी अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# चालक को बंधक बनाकर 22 टायरा ट्रक ट्राला लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- चार गाड़ियों में सवार होकर दर्जनभर बदमाश आए थे
- आरोपियों ने चालक से एक साफ पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए

गांव कलानौर के पास चार गाड़ियों में सवार होकर आए दर्जन भर लोगों ने चालक को बंधक बनाकर उससे 22 टायरा ट्रक ट्राला लूट लिया। आरोपी उसे बंधक बनाकर थाना गंगोह गेट के पास लेकर गए। जहां पुलिस कर्मचारी ने उससे ट्रक चोरी करने की बात को लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने उससे प्लेन पेपर पर हस्ताक्षर भी करवाए।

जानकारी के अनुसार जिला पानीपत के गांव शाहपुर निवासी जगपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ठकराल रोड लाइन ट्रांसपोर्ट के ट्रक ट्राला पर ड्राइवरी करता है। यह ट्राला इसराना अल्ट्राटेक कंपनी सीमेंट फैक्टरी में लगा हुआ है। 15 जुलाई को वह ट्राले में सीमेंट लोड करके यमुनानगर आया था। उसने कलानौर के पास ट्राला से अन्य गाड़ियों में सीमेंट लोड करवा दिया। जिसके बाद वह वापस जाने के लिए ट्राला के शीशे साफ करने लगा। इस दौरान चार गाड़ियों में सवार होकर दर्जन भर युवक आए। उनमे से एक युवक को वैभव नाम से पुकार रहे थे। आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर गाड़ी में डाल दिया उसका ट्राला लूट लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे रात भर गाड़ी में बंधक बनाकर रखा। इसके बाद वह उसे गंगोह थाना गेट के पास लेकर गए। जहां एक पुलिस कर्मचारी ने उससे ट्रक चोरी के शक में पूछताछ की। इसके बाद आरोपियों ने उससे एक साफ पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद आरोपी उससे छोड़कर व ट्राला लेकर फरार हो गए। उसने अपने घर पहुंचकर ट्रक मालिक को इसकी सूचना दी। ट्रक मालिक उसे यमुनानगर लेकर आया और ट्रक लूट की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी वैभव को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट कर लूटी नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने एक आरोपी को नामजद कर दो युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

रेलवे वर्कशॉप स्थित कालका कॉलोनी में बाइक सवार दो युवकों ने रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट कर उससे 10 हजार रुपये लूट लिए।विष्णु नगर निवासी गगनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रेलवे में नौकरी करता है। बुधवार को दोहपर दो बजे वह वर्कशॉप बाजार में किसी काम से आया था। जहां उसे विभाग की एक महिला कर्मचारी मिल गई। जिससे वह बातें करने लगा। तभी बाइक पर सवार होकर परविंद्र उर्फ गोगी अपने एक अन्य साथी के साथ वहां आया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा। जिसके बाद वह अपने घर चला गया। करीब दो घंटे बाद जब वह घर का सामान लेने के लिए बाजार में आया तो उसे दोनों आरोपी युवक फिर मिले। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उससे 10 हजार लूट लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी परविंद्र को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शिकंजा

### नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम को मिली बड़ी सफलता

# चार सौ नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल के साथ दो तस्करों को बाइक समेत तरावड़ी से किया काबू

तरावड़ी थाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट करनाल ने महत्वपूर्ण जानकारी जुटाते हुए गांव तखाना से दो नशा तस्करों को 400 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल सहित काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस विषय पर जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों यूनिट करनाल के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सतीश वत्स, एच.पी.एस. उप पुलिस अधीक्षक, हरियाणा एनसीबी मुख्यालय मधुबन के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए हमारी टीम सहायक उप निरीक्षक बलिंद्र सिंह के नेतृत्व में स.उ.नि. उपकार, हवलदार गुरविंदर सिंह व ई.एच.सी अजीत सिंह के साथ तखाना जी टी रोड फ्लाई ओवर पर मौजूद थे। तभी मुखबिर खास कि सूचना दी कि अक्षय पुत्र राजू व सागर पुत्र भोपाल निवासी गांव तखाना जिला करनाल नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बेचने का काम करते हैं और आज भी अक्षय की मोटरसाइकिल पर सवार होकर यु.पी. से ट्रामाडोल कैप्सुल लेने गए हैं। यदि तुरंत नाकाबंदी की जाएं तो अक्षय व सागर समान सहित काबू आ सकते हैं।



नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पकड़े गए नशा तस्कर

### पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपी को दबोचा

तुरंत टीम हरकत में आई और जी टी रोड से तखाना गांव जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद ही मुखबर के बतलाए हुलिए अनुसार मोटरसाइकिल सवार आते दिखाई दिये। टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया परंतु बरसात का फायदा उठाकर गांव की तरफ़ निकल गये। सरकारी गाड़ी द्वारा पीछा करके गांव में एंट्री करते ही काबू किया गया। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स की मौजूदगी में तलाशी ली गई तो 50 पत्ते ट्रामाडोल जिसमें प्रत्येक पत्ते में 8 कैप्सूल टोटल 400 कैप्सूल को बरामद किया गया। आरोपीयों के खिलाफ थाना तरावड़ी में एन.डी.पी.एस. अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया। यूनिट प्रभारी ने बतलाया कि आरोपीयों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड लिया जाएगा।

# किसान मोर्चा ने आंदोलन का बिगुल फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारस ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, किसान सभा, क्रान्तिकारी किसान यूनियन, किसान सभा ने कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि एसकेएम एमएसपी कानून की गारंटी, ऋण मुक्ति, फसल बीमा, किसानों और खेतिहर मजदूरों के पेंशन, बिजली के निजीकरण को वापस लेने और अन्य लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन की शुरूआत करेगा। एसकेएम 9 अगस्त को "कॉरपोरेट्स भारत छोड़ो दिवस" के रूप में मनाएगा, साथ ही मांग करेगा कि भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर आए।




आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन, किसान सभा, क्रान्तिकारी किसान यूनियन, किसान सभा के सदस्य सांसद नवीन जिंदल को ज्ञापन सौंपने जाते हुए।

## खबर संक्षेप

### बूथ का मजबूत होना अति आवश्यकः योगेन्द्र

**असंध।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर शक्ति केंद्र प्रवासी योजना को लेकर आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस असंध में असंध विधानसभा की मंडल प्रवासी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने पार्टी के आगामी करणीय कार्यों को लेकर कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ की मजबूती हेतु जरूरी टिप्स देते हुए कहा की बूथ मजबूत होगा तो पार्टी भी मजबूत होगी।

### वर्षा योग ठहराव का नाम हैः साध्वी ज्ञानमोती

**करनाल।** चातुर्मास के दौर में आज करनाल में दिगंबर जैन साध्वी क्षुल्लिका रत्न ज्ञान मोती जी महाराज का करनाल में मंगल प्रवेश हुआ। उनकी मंगल आगवानी सकल जैन समाज ने बैंड बाजों के साथ की। उनको शोभायात्रा के रूप में करनाल के दिगंबर जैन मंदिर में लाया गया। उनपका स्वागत दिगंबर जैन मंदिर सोसायटी एसएस जैन स्थानक सैक्टर चौदह और हनुमान गली के पदाधिकारियों ने किया। उनको समाज की तरफ से करनाल में चातुर्मास करने का आह्वान किया।

### एक शाम बिहारी जी के नाम कार्यक्रम में झूमे

**तरावड़ी।** बंसल परिवार की ओर से एक शाम बिहारी जी के नाम का कार्यक्रम भजन संध्या का वृंदावन आश्रम मे आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन समाजसेवी संजय बंसल व समस्त बंसल परिवार की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम में कथा व्यास पंडित आरती किशोरी जी ने अपने मधुर कंठ से भगवान श्री कृष्ण जी के भजनों का गुणगान किया। इस अवसर पर बंसल परिवार की समस्त सदस्य कान्हा जी के भजनों पर नाचे पर मजबूर हो गए।

### पौधों का जीवन मे बड़ा महत्वः महंत भारती

**घरौंडा।** भारतीय किसान संघ के जिले करनाल के कार्यकर्ताओं ने घरौंडा ब्लॉक के गांव अराईपूरा के गिरि पंथ के ढेरे में महंत राजेन्द्र भारती के पवित्र कर कमलों से और जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण चंद्र बस्तली की अध्यक्षता में पौधरोपण के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारतीय किसान संघ हर वर्ष जुलाई अगस्त के महीने में पेड़ लगाने का कार्यक्रम चलता है इस वर्ष भारतीय किसान संघ का पूरे हरियाणा में 1 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य है।महंत राजेंद्र भारती ने बताया कि पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

### नई अनाजमंडी में जनसंपर्क किया

**करनाल।** 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के तहत भाजपा के कुशासन, 10 साल की विफलताओं पर घेरते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा बीजेपी सरकार के खिलाफ 15 मुद्दों से जुड़े सवालों की 'चार्ज शीट' लेकर नई अनाजमंडी में पहुंचने पर आढ़ितयों ने सुमिता सिंह पूर्व विधायक करनाल का स्वागत किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम हर गाँव, हर शहर, हर गली, हर घर, हर परिवार के बीच जाएंगे और बीजेपी सरकार के कारनामों की पोल खोलेंगे।

## मुख्यमंत्री सैनी ने नवनियुक्त ओएसडी संजय बठला को कुर्सी पर बिठाया, दी शुभकामनाएं

### उनकी समस्याओं का यहीं पर ही होगा निराकरणः नायब सिंह

**ओएसडी की नियुक्ति से जनता को चंडीगढ़ के नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्थानीय प्रेम नगर स्थित कार्यालय में करनाल के लिए नवनियुक्त ओएसडी संजय बठला को कुर्सी पर बिठाया और उनको पुष्प गुच्छ भेंट करके शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि करनाल में ओएसडी की नियुक्ति से जनता को चंडीगढ़ के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और उनकी समस्याओं का यहीं पर ही निराकरण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संजय बठला एक सौम्य स्वभाव के व्यक्ति हैं, उनकी सादगी लोगों के मन में बसी हुई है। यह यहां की जनता की समस्याओं का निराकरण प्रशासन के सहयोग से मौके पर ही करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा जो कार्य चंडीगढ़ से होने वाले होंगे उन्हें मेरे संज्ञान में लाएंगे। उनका समाधान भी जल्द से जल्द किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे स्वयं भी समय समय पर करनाल पहुंचकर जनता से मिलते रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा कार्यकर्ता दर्शन सहगल सहित अन्य कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





## मुख्यमंत्री ने पुंडरक पहुंचकर दिवंगत आत्मा को दी श्रद्धांजलि, परिजनों को दी सांत्वना

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने करनाल दौरे के दौरान गांव पुंडरक में भाजपा कार्यकर्ता मदन गुज्जर के भतीजे वीरेंद्र सिंह व भाजपा कार्यकर्ता सन्नी की चाची के आकस्मिक निधन पर उनके निवास स्थान पहुंचकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और परिजनों को सांत्वना दी। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश त्यागी, पूर्व पार्षद युद्धवीर सैनी तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कुलपति ने किया एक्सटेंशन ऑफ टीचिंग ब्लॉक का उदघाटन

## विश्व स्तर पर पहचान बनकर उभरेगा महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय

**इस पर करीब 2 करोड़ 70 लाख रुपये खर्च हुए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय (एमएचयू) करनाल के कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने बृहस्पितवार को उद्यान महाविद्यालय अंजनथली नीलोखेड़ी में करीब 2 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बने एक्सटेंशन ऑफ टीचिंग ब्लाक का विधिवत रूप से उद्‌घाटन किया। उद्यान महाविद्यालय में पहुंचने पर अनुसंधान निदेशक प्रो. रमेश गोयल, एमएचयू के रजिस्ट्रार एवम ईओ सुरेश सैनी ने स्वागत किया। मंच संचालन डॉ. सुरेंद्र सिंह ने किया। कुलपति डॉ. सुरेश ने इंजीनिरिंग विंग द्वारा बेहतर भवन बनाने के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि एमएचयू में तेजी से संसाधन बढ़ते जा रहा हैं। उसी के अनुरूप हमारी जिम्मेवारियां भी बढ़ जाती है। किसी भी यूनिवर्सिटी की पहचान, उसका अनुसंधान ओर अनुसंधान की गतिविधियां से होता है। संसाधनों की कमी के चलते जो अनुसंधान हम नहीं कर पा रहे थे, वे अब हम कर पाएंगे। विश्वविद्यालय के पास लैब की कमी थी, जिसके कारण अनुसंधान के कामों में तेजी नहीं आ पा रही थी, अब लैब बन चुकी हैं। अब अनुसंधानात्मक काम तेजी से शुरू होंगेऔर सीधा फायदा किसानों ओर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगा। कुलपति डॉ. सुरेश ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे रिसर्च के कामों को मेहनत से आगे बढ़ाए, योजनाएं बनाए कि किस-किस चीज की जरुरत हैं। ज्यादा से ज्यादा तकनीकी जानकारी को पहुंचाने का प्रयास करें, जिससे किसानों की आमदनी तो बढ़े ही साथ ही उत्पादन भी उच्च गुणवत्तायुक्त हो। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक भूमि के स्वास्थ्य की पूरी जांच करें, जिसमें भूमि की उर्वरता के साथ-साथ सूक्ष्म जीवों की उपलब्धता की जांच करने की सुविधा का प्रबंधन हो। अगर वे ऐसा करने में सफल हो जाते हैं तो एमएचयू पूरे देश में ऐसा करने वाली पहली यूनिवर्सिटी होगी।




#### नए भवन में ये होंगी सुविधाएं

ईओ एवम रजिस्ट्रार सुरेश सैनी ने बताया कि पहले से उपलब्ध शैक्षणिक ब्लॉक का यह नया भवन विस्तार है। इसमें 5 लैब, एक मशीन लैब, स्नातक डिग्री के लिए 4 लैक्चर हॉल, स्नातकोत्तर के लिए 5 लेक्चर हॉल, एक स्टॉफ रूम सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि तय समय से पहले ही एमएचयू की इंजीनिरिंग विंग द्वारा 2 करोड़ 70 लाख की लागत से एक्सटेंशन ऑफ टीचिंग ब्लाक का निर्माण किया गया है।

#### सब मिलकर उदेश्यों को पूरा करेंगे

प्रदेश सरकार एमएचयू की जरुरतों को तेजी से पूरा कर रही हैं, इसलिए अब हमारी जिम्मेदारी बनती है कि जिन उदेश्यों के लिए हरियाणा की पहली बागवानी यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। उसे पूरा किया जा सके। हर कर्मचारी,अधिकारी व स्टाफ सदस्य मिलकर एमएचयू के उदेश्यों को पूरा करने में पूरा योगदान दें। उन्होंने कहा कि हर 15 दिनों के अंदर मॉनिटरिंग मीटिंग आयोजित होगी, जिसमें कामों की प्रगृति के बारे में रिपोर्ट ली जाएगी, साथ ही जो कमियां रह जाएगी। उन्हें दूर किया जा सकेगा। अनुसंधान निदेशक ओर उद्यान महाविद्यालय के डीन प्रो रमेश गोयल ने एमएचयू की गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।



करनाल। कर्णदेव कांबोज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए एवं उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष बिशपाल राणा।

## समाज का आईना होता है पत्रकारः कर्णदेव कांबोज

- वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता क्षेत्र में चुनौतियां विषय पर गोष्ठी
- 64 पत्रकारों को 10 लाख की बीमा पॉलिसी वितरित कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा है कि पत्रकार समाज का आईना है इसलिए पत्रकार अपने कार्य में सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि हम सभी को ऐसे तत्वों से दूर रहना चाहिए जो समाज में नकारात्मक भूमिका निभाते है। ऐसे लोगों के कारण ही पत्रकारिता जैसा पवित्र पेशे पर सवाल खड़े हो रहे है। पत्रकार सरकार और आम लोगों के बीच सेतु का काम करते है। लोगों का दुख-दर्द और समस्याएं सरकार तक पहुंचाते है। इसलिए पत्रकार बधाई के पात्र है। वह पत्रकारों को नमन करते है। वह आज डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम करनाल में चंडीगढ़ एण्ड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा आयोजित मौजूदा परिवेश में पत्रकारिता क्षेत्र में चुनौतियां विषय पर गोष्ठी तथा बीमा पॉलिसी वितरण व सम्मान समारोह में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने की।

#### अतिथियों का स्वागत

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीएचजेयू के प्रदेश अध्यक्ष स. राम सिंह बराड़, प्रदेश चेयरमैन बलवंत तक्षक, महासचिव आईजेयू बलविन्द्र जम्मू, प्रधान चंडीगढ़ प्रेस क्लब नलिन आचार्य तथा पूर्व अध्यक्ष आईजेयू एस.एन.सिन्हा सहित जिला करनाल इकाई के जिला अध्यक्ष यशपाल कादियान, प्रदेश सचिव एवं चढ़दीकला मीडिया ग्रुप हरियाणा के डायरेक्टर एंव संपादक डा. के.के संधू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बिशपाल राणा, महासचिव संदीप रोहिला, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह, करनाल इकाई के चेयरमैन रतन मान, वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र जैन ने पत्रकारों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि कर्णदेव कांबोज तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## खुले मैन होल से हादसों का खतरा

- कई जगहों पर सड़क से ऊपर बनाए मैनहोल, कई हुए घायल
- शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

कई वर्ष पहले तरावड़ी में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब 17 करोड़ की लागत से सीवरेज के पाईप डाले गए थे। उस समय शहर के लोगों का लगा था कि सीवरेज के पाइप डाले जाने के बाद उनको इसका सीधा लाभ मिलेगा। लेकिन कुछ ही समय के बाद लोगों को परेशानी आनी शुरू हो गई। जिस समय शहर में सीवरेज के पाईप डाले जा रहे थे तो उस समय कई वार्डों में इनका विरोध भी हुआ था लेकिन बाद में विभाग के आला अधिकारियों के समझाने के बाद पाईप डाल दिए गए। शहर में कई जगह जो सड़कों के बीचों-बीच मैनहोल बनाए गए हैं वह या तो सड़क से काफी ऊपर है या फिर उनके ढक्कन टूट चुके हैं। शहर के वार्ड 2 में मुख्य सडक़ पर खुला मैनहोल हादसे को निमंत्रण दे रहा है।



तरावड़ी। शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए मेन होल का दृश्य।

#### अधिकारी बोले,जल्द समाधान करेंगे

वार्ड के लोगों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। यह समस्या शहर के एक वार्ड की नहीं बल्कि कई वार्डों की है। वहीं कई बार सीवरेज के पाईप चौक होने के कारण उनका गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है। जब इस मामले को लेकर विभाग के अधिकारी से बात की तो उन्होंने कहा कि मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है। मैं जल्द ही मामले की जानकारी लेकर मैनहोल की समस्या का समाधान करवाऊंगा।

### निसिंग खंड के 39 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**करनाल।** जिले के 182 प्राथमिक विद्यालयों में संपर्क फाउंडेशन द्वारा डिजिटल स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए जा रहे हैं, जिनमे एनिमेशन विडिओ और डिजिटल कंटेन्ट द्वारा अंग्रेजी, हिन्दी, गणित और विज्ञान विषयों को पढ़ाया जाएगा। इसके लिए अध्यापकों को इन उपकरणों को प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू हो चुके हैं जिसमे आज दूसरे चरण में निसिंग खंड के 39 प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया । इस अवसर पर बी.इ.ओ. राममूर्ति शर्मा उपस्थित रहे । प्रशिक्षण जिला संपर्क को-ऑर्डिनेटर पूजा मोयल व विवेक कुमार द्वारा दिया गया । जिला संपर्क कोऑर्डिनेटर पूजा मोयल ने बताया कि नए सॉफ्टवेयर डिवाइस में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्र छात्राओं के लिए रोचक एनिमेटिड पाठ्य सामग्री दी गई है जो कक्षा 1 से 5 तक का एफ.एल.एन. (सभी विषय) और कक्षा 6 से 8 तक फन विद साइंस शामिल करती है ।

## मांगें नहीं मानी तो देंगे धरना

- कई दिनों से गेट मीटिंग कर नारेबाजी कर रहे बिजली कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी बिजली बोर्ड में गुरुवार सुबह बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर बिजली निगम और सरकार के खिलाफ फिर से नारेबाजी की। बता दें कि बिजली कर्मचारी विभाग के जेई विक्रम राणा को सस्पेंड किए जाने का विरोध कर रहे है। गुरुवार सुबह पहले गेट मीटिंग की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपप्रधान दलबीर सिंह ने की। आशुतोष राणा, राजकुमार एवं मनोज वर्मा ने साफ चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विक्रम राणा को बहाल नहीं किया गया तो बिजली कर्मचारी उग्र प्रदर्शन करेंगे। निगम एवं सरकार के पास आज तक का समय है वरना काम का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। संगठन के सचिव रविकांत ने कहा कि निगम जानबूझकर बिजली कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रहा है। गेट मीटिंग में बिजली बोर्ड के प्रधान सतपाल, ओमप्रकाश, सुनील कुमार, आशु राणा, भूपेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, विशाल, अमर, अश्विनी शर्मा सहित सब यूनिट तरावड़ी के कई कर्मचारी मौजूद थे।



तरावड़ी। बिजली बोर्ड के कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते बिजली कर्मी। फोटो : हरिभूमि

## जीटी रोड से गांव पधाना तक सड़क का होगा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

वीरवार को हल्का नीलोखेडी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने बताया कि नीलोखेडी हल्के के गाँव पधाना से जीटी रोड को जोड़ने वाली सड़क का नवीनीकरण किया जाएगा और अगले सप्ताह इस सडक़ का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू किया जाएगा।

इस सडक़ का टेंडर मार्च में लगाया था। जिस पर कुल 43 लाख लागत आएगी। विधायक ने कहा कि गांव पधाना करनाल जिले का सबसे बड़ा सब्जी उत्पादक गांव है और हजारों किसान अपनी फसल बेचने के लिए जीटी रोड पर आते है और अब इस सडक़ निर्माण से किसानों को और गांववासियों को काफी लाभ होगा, इसके साथ ही सडक़ पर पानी निकासी का प्रबंध भी किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि हलके कि 20 से ज्यादा सडक़ें है जिनपर इस माह काम शुरू कर दिया जाएगा और यह सडक़ें पिछले वर्ष उनके द्वारा मंजूर करवाई गई थी।



तरावड़ी। निर्माण कार्य की जानकारी देते विधायक धर्मपाल गोंदर।

### 24 को करनाल प्रवास पर आएंगे डा. पूनिया

**करनाल।** भाजपा हरियाणा में स्पष्ट बहुमत से तीसरी बार सरकार बनाने की तैयारियों में तेजी से जुटी हुई है। बूथ जीता, चुनाव जीता मंत्र को साकार रूप देने के लिए हर बूथ को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रदेश स्तर पर प्रवास कार्यक्रम तय किए गए हैं। हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया प्रवास कार्यक्रम के तहत 24 जुलाई को करनाल में प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। दोनों डा. पूनिया कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जोश का संचार करेंगे, साथ ही विधानसभा चुनाव को जीतने का मंत्र कार्यकर्ताओं को देंगे। हरियाणा भाजपा के मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने 19 से 24 जुलाई तक होने वाले प्रदेश प्रभारी के प्रवास कार्यक्रमों के बारे में बताया कि करनाल में होने वाली प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक से पहले डा. सतीश पूनिया 19 जुलाई को 10 से 12 बजे तक सोनीपत में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

### इग्नू ने खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन में बीएससी पाठ्यक्रम किया लांच

## खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन में करें बीएससी

- अब 31 जुलाई 2024 तक ले सकते हैं इग्नू में दाखिला : डॉ धर्मपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की खाद्य प्रसंस्करण एक उभरता हुआ क्षेत्र है। बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतें, शहरीकरण आदि के कारण प्रसंस्कृत और खाने के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग बढ़ रही है और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। खाद्य क्षेत्र में निरंतर प्रगति ने खाद्य सुरक्षा को भी चिंता का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बना दिया है। खाद्य उत्पादन के बदलते वैश्विक पैटर्न, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, तकनीकी नवाचार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ने खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता पेशेवरों की भारी मांग पैदा की है। खाद्य सुरक्षा निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं, नियामकों और उपभोक्ताओं के लिए प्राथमिकता और आवश्यकता का क्षेत्र बन गया है। खाद्य उद्योग के लिए खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को खाद्य जनित बीमारियों और खाद्य विषाक्तता से बचाने में मदद करती है। हाल के दिनों में, खाद्य-जनित बीमारियों की व्यापकता और खाद्य सुरक्षा से संबंधित घटनाओं पर कई रिपोर्टों के कारण विज्ञान-आधारित खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 को अधिनियमित और लागू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में योग्य और खाद्य सुरक्षा मानकों की आवश्यकता हुई है। विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षित कार्यबल की आवश्यकता है।

#### इस बारे में भी जानकारी दी

डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इसे ध्यान में रखते हुए, कृषि विद्यालय (एसओए), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने मुक्त और दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी तरह के पहले स्नातक डिग्री कार्यक्रम की परिकल्पना की है। खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन में स्नातक डिग्री कार्यक्रम खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य सुरक्षा क्षेत्रों के विभिन्न हितधारकों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में मानव संसाधन उत्पन्न करना, खाद्य विज्ञान, खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य सुरक्षा जैसे बहु-विषयक क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल बढ़ाना और खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य सुरक्षा और खाद्य लेखा परीक्षा में स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम को करने के बाद खाद्य उद्योग/आतिथ्य संस्थानों में खाद्य सुरक्षा टीम लीडर/पर्यवेक्षक/प्रबंधक, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग में तकनीकी अधिकारी, नियामक निकायों, खाद्य सुरक्षा विभाग आदि में खाद्य सुरक्षा अधिकारी/निरीक्षक, प्रमाणन और निरीक्षण निकायों में खाद्य सुरक्षा लेखा परीक्षक, प्रशिक्षण/परामर्श निकायों में प्रशिक्षक/परामर्शदाता, खुदरा श्रृंखला/उद्योग में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन टीम के सदस्य, प्रमाणित पेशेवरों, परामर्शदाता, प्रशिक्षक, लेखा परीक्षक के रूप में स्व-रोजगार स्थापित किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### हमले के तीन आरोपी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने पानीपत जिला के गांव गढ सरनाई के पास करनाल जिला के हरिसिंहपुरा निवासी शुभम पुत्र बिजेंद्र पर हुई पिस्तौल से जानलेवा हमले की वारदात करने के आरोप में मोहित व गौरव निवासी गांव गौंदर व विजय निवासी गांव सगा जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि इस मामले में थाना सेक्टर 13/17 में सुमन पत्नी बिजेंद्र निवासी हरिसिंहपुरा करनाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### दो दोस्तों को पीटा केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की राजीव कालोनी में यहां के ही निवासी दीपक व इसके दोस्त यश निवासी कप्तान नगर पर साहिल ढांडा निवासी सैनी कॉलोनी, रोहित उर्फ बच्ची निवासी सैनी कॉलोनी, दीपक उर्फ बादशाह निवासी जगदीश नगर, राहुल सैनी उर्फ लालू निवासी राजीव कॉलोनी नीचे उतरे और पुरानी रंजिश के चलते उस पर हमला कर घायल कर दिया। इधर, थाना किला पुलिस ने दीपक की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 115(2), 118(1), 126(2), 110, 351(3) और 3(5) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षा इंसान की तरक्की की राह

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय यानि इग्नू, क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि शिक्षा इंसान की तरक्की की राह है। वहीं, खाद्य प्रसंस्करण एक उभरता हुआ क्षेत्र है। इसे ध्यान में रखते हुए, कृषि विद्यालय (एसओए), इग्नू ने मुक्त और दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी तरह के पहले स्नातक डिग्री कार्यक्रम की परिकल्पना की है।

### ग्रामीण अंचल को स्वच्छ बनाएंगे

**पानीपत।** स्वच्छ भारत मिशन को ओर गति प्रदान करने को लेकर गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कुछ आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को साफ सुथरा रखना हमारी प्राथमिकता है। जहां जहां सफाई का अभाव है उस ओर ध्यान देना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे के लिए अलग से स्थान निर्धारित किया जाएगा ताकि मशीनों द्वारा जब कचरा उठाया जाएं तो किसी भी प्रकार की असुविधा न हों व व्यवस्था भी प्रभावित न हो। जो इसकी अवेहलना करेगें उनके खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। जो तालाब मत्स्य के उपयोग में नहीं आते उनमें और साफ सफाई रखनी होगी।

### भक्तों की हर मन्नत पूरी करते हैं श्याम बाबा

**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बाबा श्याम सेवा समिति के चेयरमैन काकू बंसल ने नारियल फोडक़र बस रवाना की तथा सभी श्रद्धालुओं को श्री श्याम बाबा के दर्शनों के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, राजेंद्र पाल, दिनेश मित्तल, ललित मित्तल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं, समिति के अध्यक्ष पवन कंसल ने सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

### अग्निवीरों की हितैषी है भाजपा सरकार

**पानीपत।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंडित देवेंद्र दत्ता ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने भारत की सेना में अपना यौवन समर्पित करने वाले अग्निवीर यौद्धाओं का भविष्य सुरक्षित करते हुए घोषणा की है कि देश की सेना में अपना योगदान देने के उपरांत, जब अग्निवीर युवा सेवा निवृत्त हो कर आएगा उसे पुलिस कांस्टेबल, वन गार्ड, जेल वार्डन खनन विभाग मे सीधी भर्ती में दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। भाजपा सरकार अग्निवीरों की हितैषी है।

---

क्लब की पदाधिकारियों ने एक साल के प्रोजेक्ट साझा किए

# मंगल गीतों के बीच इनर व्हील क्लब की नई टीम ने कार्यभार ग्रहण किया

समाज के हर वर्ग के सहयोग का भरोसा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। इनरव्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की नई टीम जरूरतमंद परिवार को आर्थिक मदद भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाली तीज के मंगल गीतों के बीच इनरव्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की नई टीम ने डॉ. अनु कालरा की अगुवाई में अपना कार्य भार ग्रहण किया। क्लब की पदाधिकारियों ने एक साल के प्रोजेक्ट साझा किए और समाज के हर वर्ग के सहयोग का भरोसा दिया। क्लब की ओर से 27वां वार्षिक पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यातिथि डिस्ट्रिक्ट 308 की 2024-25 की चेयरमैन सुजाता आहूजा और विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर अवनीत कौर, शहरी विधायक प्रमोद विज की धर्मपत्नी नीरू विज और डीएवी थर्मल की प्रधानाचार्या रितु रहीं। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर इनरव्हील प्रार्थना की गई। जबकि शाइशा गोयल व पूर्विका माखीजा ने शानदार गणेश वंदना और तीज उत्सव पर नृत्य प्रस्तुत किया। पूर्व प्रधान नीतू छाबड़ा ने अपने कार्यकाल में होने वाले सेवा कार्यों और डिस्ट्रिक्ट से मिले पुरस्कारों की जानकारी दी। उन्होंने नव निर्वाचित प्रधान डॉ. अनु कालड़ा को कॉलर पहनाकर कार्यभार सौंपा। वहीं, प्रधान डॉ. अनु कालड़ा ने क्लब की पदाधिरियों व सदस्यों का आभार जताया और नई टीम का परिचय कराकर शपथ दिलवाई। जिसमें प्रधान डॉ. अनु कालड़ा, उप प्रधान सीमा बब्बर, सचिव डॉ. स्वाति गोयल, संयुक्त सचिव पूजा मलिक, निवर्तमान, कोषाध्यक्ष मंजरी गोयल, आईएसओ रूपाली चोपड़ा, संपादक रितिका गर्ग व संयुक्त संपादक डॉ. दीप्ति जैन को बनाया गया। मुख्य सलाहकार चार्टर प्रेसिडेंट कंचन सागर, मुक्ता नागपाल और मंजरी चड्ढा को लिया गया है। सचिव डॉ. स्वाति गोयल ने डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सुजाता आहूजा का आधिकारिक परिचय पढ़ा। सुजाता आहूजा ने कहा कि इस वर्ष इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 308 के 40 वर्ष पूरे होने जा रहें हैं। जो सब के लिए बड़े गौरव की बात है। जिसे रूबी ईयर के रूप में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इनरव्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की नींव चार्टर प्रधान कंचन सागर ने रखी थी। उस समय 12 सदस्य थी, जो 60 से अधिक हैं। इस स्थापना दिवस पर 15 साल से काम कर रही कंचन सागर, सीमा बब्बर, ज्योत्सना बिंदल, मंजरी चड्ढा, अनीता बत्रा, बबिता गर्ग, सांझी सागर, मुक्ता नागपाल, मीनू अनेजा, रेणु देशवाल, सीमा बजाज और परवीन सिंधवानी को सम्मानित किया। पूर्व एसोसिएशन प्रेसिडेंट अनुराधा कालड़ा, पीडीसी डॉ. गीता गुप्ता, जेएडसीसी अंजू गेरा ने भी टीम को आशीर्वाद दिया। डॉ. अनु कालड़ा ने सबका आभारी जताया। उन्होंने आगामी परियोजनाओं के बारे में चर्चा की। इधर, समाज सेवियों चंद्र गुलाटी, सुमेधा गुलाटी, राजपाल कालिया, गोबिंद कालड़ा, नेहा मखीजा, ओंकार कालड़ा, डॉ. प्रियंका, डॉ मंजू, दिव्या भाटिया, अंबिका गोयल, ज्योति रहेजा, बबीता गर्ग, मनीषा व पूजा मल्होत्रा आदि उपस्थित रही।

---



पानीपत। गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर बैठक करते हुए श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता सेवा समिति के पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

# धूमधाम से मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा उत्सव

■ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद गुरू पूर्णिमा पर देंगे श्रद्धालुओं को गीता संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एमजेआर संस्थान में गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया तथा उत्सव की तैयारी को अंतिम रूपरेखा दी गई। विभु पालीवाल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन 20 जुलाई को प्रातः 6 बजे से श्याम बाग में होगा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी द्वारा गीता संदेश एवं आशीर्वाद प्रवचन प्रातः 8 बजे दिया जाएगा। गुरु पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर पानीपत शहर के साथ.साथ आसपास के क्षेत्र के भक्तजन भी महाराजजी से आशीर्वाद लेने आएंगे। विभु पालीवाल ने बताया कि सभी भक्तजनों को महाराजश्री द्वारा अभिमंत्रित पौधा भी वितरित किया जाएगा। सुनील ग्रोवर ने बताया की सुबह का नाश्ता एवं भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। उत्सव स्थल की व्यवस्था सूरज दूरेजा, अनिल मदान एवं विकास गोयल की देखरेख में होगी। अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता सेवा समिति के सुरेश अरोड़ा, सूरज दूरेजा, सुनील, अंकुश, अनिल मदान, विकास गोयल, अर्जुन देव नारंग, राजू शर्मा, गुलशन चुघ, धीरज बत्रा एवं कंवर रविंद्र सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पीडब्ल्यूडी यूनियन ने ज्ञापन दिया

**पानीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी के हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की जिला की मीटिंग वीरवार को हुई। वहीं जिला प्रधान तेजवीर, जिला सचिव ईश्वर दहिया, पूर्व राज्य प्रधान सतपाल रावल ने मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया को भेंट किया। इस अवसर पर वीरेंद्र चौहान, रामपाल तंवर, राजेंद्र मलिक, मनोज, अशोक बाबरपुर, रविंद्र रावल, सुनील, सुलतान सिंह, कर्मवीर, जयपाल शर्मा, बलबीर मलिक, नरेश शर्मा, संदीप, रिंकू, राहुल ,रोहतास शर्मा ,अमर सिंह, सुरेश कुमार, कुलबीर सिंह, विजयपाल, नवीन, रविंद्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---



पानीपत। गांव राजाखेडी के राजकीय स्कूल में पौधरोपते हुए डीईओ राकेश बूरा व प्रिंसिपल सुमित्रा सांगवान आदि। फोटो :हरिभूमि

# शहीद कैप्टन की याद में भाषण प्रतियोगिता

■ भाषण प्रतियोगिता में विभूति व नैन्सी प्रथम रही, सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पाइट में विजेता विद्यार्थियों को ट्राफी भेंट करते हुए अतिथिगण।

पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल पानीपत में शहीद कैप्टन अतुल सोमरा की याद में अंग्रेजी व हिंदी भाषण प्रतियोगिता की मेजबानी की। प्रतियोगिता में पानीपत के 17 स्कूलों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रोटेरियन आरएस सोमरा थे। जबकि वशिष्ठ अतिथि के रूप में श्वेता गोयल, हरिओम तायल, सुरेश तायल, शुभम तायल, ज्योति तायल, रोटेरियन लोकेश मिगलानी, रोटेरियन अमित सोमरा, रोटेरियन विवेक गर्ग, रोटेरियन एसके ओबेरॉय, रोटेरियन धीरज मलिक, रोटेरियन नारंग उपस्थित रहे। डॉ. अखिलेश मिश्रा ,डॉ. रोहित गर्ग ,डॉ. निशा दहिया डॉ. मनीष जी वहां पर निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में बाल विकास मॉडल टाउन स्कूल की छात्रा विभूति जानना ने प्रथम स्थान ग्रहण किया, पाइट की की विभूति सेठी ने द्वितीय स्थान ग्रहण किया तथा मॉडल संस्कृति स्कूल जीटी रोड की नैंसी ने तृतीय स्थान ग्रहण किया। जबकि हिंदी प्रतियोगिता में दून पब्लिक स्कूल की नैंसी चहल ने प्रथम स्थान पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल की आर्शी जुनेजा ने द्वितीय स्थान तथा पाइट संस्कृति स्कूल हुडा की इश्मीत कौर ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी व नगदी देकर सम्मानित किया गया। जबकि रनिंग ट्रॉफी का विजेता पाइट एनएफएल रहा। इधर, हरि ओम तायल ने कहा कि हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह शहीदों का सम्मान करें। इधर, प्रधानाचार्य रेखा बजाज ने सभी अथितियों व विद्यार्थियों का आभार जताया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य बॉबी सिंह, मनजीत, आशा, उपवासिका, नवजोत, दिशा व शिवानी ने कार्यक्रम को सफल बनने में स्मरणीय सहयोग दिया।

---

# इंसान के जीवन का स्वर्ण काल होता है छात्र जीवन : बूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ हमें मोबाइल का कम से कम प्रयोग करना चाहिए

शिक्षा रथ अभियान के अंतर्गत उग्राखेड़ी व राजाखेडी गांवों के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने दौरा किया।

जहां पर प्रिंसिपल सुमित्रा सांगवान व स्टाफ सदस्यों ने प्रार्थना सभा में स्वागत किया। डीईओ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थीकाल का समय बहुत ही स्वर्णिम समय होता है इस समय यदि हमने दिल लगाकर मेहनत कर ली तो जीवन में हम सफल होकर बढ़ते चले जाते हैं। इसके साथ-साथ आज के मोबाइल युग में बच्चे अपना कीमती समय मोबाइल देखते हुए बिताते हैं अतः हमें मोबाइल का कम से कम प्रयोग करना चाहिए। केवल अपनी पढ़ाई से सम्बंधित सामग्री ही देखनी चाहिए। सभी शिक्षकों, अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों व विद्यार्थियों को मिलकर नामांकन संख्या बढ़ानी होगी। इसके साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करने होंगे। इस अवसर पर उनके साथ हेडटीचर मुकेश बोस, बोधराज, जितेंद्र कुमार, जितेंद्र सैनी, जयदीप, नवीन कुमार, डॉ.कृष्ण कुमार, दिनेश कुमार व प्रदीप जांगड़ा उपस्थित रहे।

---

# रेडिक्सैक्ट एक्स टोमोथेरेपी सिस्टम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। पानीपत में प्रेस वार्ता करते हुए मैक्स सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल शालीमार बाग, नई दिल्ली के डॉक्टर्स। फोटो :हरिभूमि

मैक्स सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल शालीमार बाग, नई दिल्ली ने वीरवार को सिमेरिक एंटीजन रिसेप्टर यानि सीएआर-टी सेल थेरेपी, जो विशिष्ट प्रकार के कैंसर के लिए अत्याधुनिक उपचार है और रेडिएशन थेरेपी के लिए रेडिक्सैक्ट एक्स-9 टोमोथेरेपी सिस्टम के शुभारंभ किया। वहीं, मेडिकल ऑन्कोलॉजी के सीनियर डायरेक्टर डॉ. सज्जन राजपुरोहित, हेमेटो ऑन्कोलॉजी की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अमृता चक्रवर्ती और मैक्स अस्पताल, शालीमार बाग से रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र कुमार ने विभिन्न प्रकार के कैंसर के उपचार में सीएआर टी सेल थेरेपी और रेडिक्सैक्ट एक्स-9 टोमोथेरेपी प्रणाली जैसी नवीनतम प्रगति के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सज्जन राजपुरोहित ने सीआरटी-टी थेरेपी की महत्ता बताई। जबकि हेमेटो ऑन्कोलॉजी की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अमृता चक्रवर्ती ने कहा कि इसे जीवित दवा के रूप में भी जाना जाता है, यह थेरेपी स्थायी लाभ प्रदान करती है। रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि रेडिक्सैक्ट एक्स-9 सबसे उन्नत टोमोथेरेपी प्रणाली है, जो स्वस्थ ऊतकों को कम से कम नुकसान पहुंचाते हुए उन्नत कैंसर के इलाज के लिए लक्षित और सटीक विकिरण प्रदान करती है।

---

## लापरवाह अधिकारियों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन : डॉ. दहिया

**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में जिला व मंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में प्रशासन ने और गति प्रदान करने का मन बना लिया है। इसका प्रमुख कारण कई अधिकारियों के शिविर में देरी से पहुंचना माना जा रहा है। ऐसे अधिकारी जो शिविर में स्वयं न आकर अन्य विभाग के अधिकारियों को भेजते है। उन पर इसका असर जरूर नजर आएगा।

■ समाधान शिविर में 284 समस्याओं में 139 का मौके पर किया गया समाधान

लापरवाह अधिकारियों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन वीरवार को सचिवालय में आयोजित जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिन विभागों के अधिकारी लेट लतीफ का शिकार है उन के साथ सकती से निपटा जाएगा। जरूरत पड़ने पर उन अधिकारियों की जनता समाधान शिविर में देरी से पहुंचने की सूचना भी मुख्यालय को दी जाएगी। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि शिविर में पहले दो दिन की तुलना में शिकायतकर्ताओं द्वारा कम शिकायतें लेकर आना इस बात की तरफ संकेत करता है कि 10 जून से शुरू हुए जनता समाधान शिविर से लोग खुश है व उनकी ज्यादातर समस्याओं का समाधान हो चुका है। जो समस्याएं बची है उन पर अधिकारियों के सहयोग से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता समाधान शिविर की अपनी गरिमा है। इसको हम सबने बरकार रखना है व जनता की समस्याओं का पर प्राथमिकता के साथ निदान करना है और पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी पौधरोपण करना है। उन्होंने शिकायतकर्ताओं द्वारा रोजाना शिकायतों के निदान के साथ साथ पौधरोपण का जो कार्य किया जा रहा है वह बहुत ही प्रंशसनीय है। उन्होंने बताया कि अब तक प्रशासन के प्रयास व जनता के सहयोग से समाधान शिविरों के माध्यम से 6 हजार के करीब छायादार, फलदार पौधों का पौधरोपण किया जा चुका है।



पानीपत के सचिवालय में जन सुनवाई करते हुए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण।

### आप ने किया जन संवाद

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी ने पार्टी के प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक की अगुवाई में जन संवाद कर जनता की समस्याओं का जाना और दावा किया कि सत्ता में आने पर आप की सरकार जनता की हर समस्या का समाधन करेगी। इस अवसर पर होशियार सिंह, अमित नोहरा, बलिंदर पहलवान, राजवीर, राजकुमार मुंडे, संदीप मनचंदा, प्यारेलाल गुप्ता, मुकेश शर्मा, गांव सू मुकेश कुमार, नरेश कुमार, जोसिंदर लाल आदि मौजूद रहे।

---

## न्यूज डायरी

### आपराधिक केस का भगौड़ा पकड़ा

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने मारपीट व धमकी देने के मामले में न्यायालय से भगौड़ा यानि पीओ घोषित आरोपी हारून उर्फ लाला निवासी बिलासपुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने बताया कि हारूण व उसके भाई के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के केस में वर्ष 2014 में थाना चांदनी बाग में दर्ज हुआ था। जबिक कोर्ट ने न्यायालय में निर्धारित तारिखों पर पेश ना होने पर आरोपी हारून को 9 जनवरी सन 2023 को भगौड़ा घोषित किया था।

### पुलिस ने भैंस चोर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने गांव नंगला पार के खेतों में बने मर्गी फार्म से भैंस, कटड़ी व झोटी चोरी की वारदात में शामिल दूसरे आरोपी शाहरूख निवासी गांव राणा माजरा को जेल से प्रोडक्शन वारंट लेकर न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि शाहरूख थाना सनौली में नीरज पुत्र वेद प्रकाश निवासी नंगला पार की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हरित भारत बनाने का दिया संदेश

**पानीपत।** इंडियन ऑयल के उपक्रम उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पखवाड़े के अंत में कार्यकारी निदेशक शैलेश तिवारी ने पौधरोपण कर स्वच्छ और हरित भारत बनाने का संदेश दिया। शैलेश तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों और लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाते हुए वर्ष में 100 घंटे श्रमदान करने और 100 अन्य व्यक्तियों से श्रमदान करवाने के संकल्प को 15 दिनों में पूरा किया।

### गुलशन बने सह संयोजक

**पानीपत।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने बताया कि 11 अगस्त को पानीपत में होने वाले प्रस्तावित राज्य स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का उनको सह संयोजक बनाया गया है। वहीं वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ पूरा करेंगे।

### खिलाड़ियों को स्विमिंग कॉस्टयूम बांटे

**पानीपत।** पानीपत जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष सुखबीर मलिक, उपाध्यक्ष प्यारेलाल, उपाध्यक्ष अनिल मान, सचिव प्रवीण कादियान द्वारा स्विमिंग कॉस्टयूम वितरित किए गए। वहीं हरियाणा स्विमिंग चैंपियनशिप जो एचएल सिटी बहादुरगढ़ में हो रही है के लिए 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

---

कार्यक्रम | मुख्यमंत्री के ओएसडी डीआईजी ने पानीपत के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की

# पानीपत में मैराथन का भव्य आयोजन होगा : नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। मैराथन को लेकर बैठक करते हुए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण।

विश्व विख्यात ऐतिहासिक व टेक्सटाइल नगरी पानीपत में 28 जुलाई को आयोजित की जाने वाली मैराथन को लेकर प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप देकर इसकी तैयारी को आगे बढ़ाने की योजना तैयार कर ली है। यह भव्य आयोजन पूर्व के सभी मैराथन आयोजनों को फीका कर देगा। इसी उद्देश्य को लेकर प्रशासन भारी प्रयास कर रहा है। इधर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी डीआईजी पंकज नैन ने वीरवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया और पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत व अन्य प्रशासनिक अधिकारी के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंत्रणा की। उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि मैराथन के लिए स्थानीय सेक्टर 13-17 को कार्यक्रम स्थल के लिए चुना गया है। यहीं से मैराथन शुरू होकर पेप्सी पुल वाया रिफाइनरी होते हुए वापस इसी स्थल पर आकर समाप्त होगी। इधर, डीआईजी पंकज नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मैराथन में विभिन्न सेलिब्रिटी को भी आमंत्रित किया जाएगा और यह मैराथन गुडग़ांव और फरीदाबाद की मैराथन के सभी रिकॉर्डस तोड़ेगी। उन्होंने राहगीरी टीम के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संस्थाओं और लोगों को इसमें जोड़े और मैराथन में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार


**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सागर उर्फ गंजा को गिरफ्तार किया है।



अधोई के वीरेश कुमार ने 22 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सागर उर्फ गंजा ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पैसे ऐंठने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज आपत्तिजनक वीडियो बनाकर, ब्लैकमेल करने, झूठे मुकदमें में फंसाने, बदनाम करने की धमकी देकर व पैसे ऐंठने के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्ण को गिरफ्तार किया है।



लालकुर्ती के मनोज ने 16 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 अक्तूबर 2022 से 12 जुलाई 2024 के दौरान आरोपी कर्ण व अन्य ने उसकी अश्लील वीडियो के बनाकर ब्लैकमेल करने, पैसों की मांग करने, झूठे मुकदमें में फंसाने व बदनाम करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से घर में घुस कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी देवेंद्र को शामिल जांच किया है। बधौली के विकास ने 17 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी देवेंद्र ने उसके घर में घुस कर उसकी बहन व माता से मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर जनता का मिल रहा जबरदस्त रिस्पांस



अंबाला। हस्ताक्षर अभियान में शामिल होते लोग। फोटो : हरिभूमि

- व्यापारी-किसानों के साथ कर्मचारियों ने भी दिया पुरजोर समर्थन
- ज्ञापन पर लगभग पांच हजार लोगों ने किए साइन, कांग्रेसी नेता जैन ने राज्य सरकार के साथ पूर्व मंत्री विनोद शर्मा पर भी साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को लोगों का जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन की अध्यक्षता में चलाए जा रहे इस अभियान को व्यापारी, युवा, किसान, कर्मचारी समेत हर वर्ग पुरजोर समर्थन दे रहा है। इस अभियान में अब तक पांच हजार से ज्यादा लोग शामिल हो चुके हैं। जैन ने कहा कि लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रदेश के राज्यपाल को सौंपने के लिए अब उनसे समय मांगा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए राज्यपाल से गुहार लगाई जाएगी।

### बहरी हो चुकी सरकार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एवं कांग्रेस मैनिफेस्टो कमेटी के सदस्य रोहित जैन ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान में हर वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि पांच हजार से ज्यादा लोग अभियान में शामिल होकर राज्य सरकार की इस करतूत पर ऐतराज जता चुके हैं। जैन ने कहा कि केंद्र के इशारे पर राज्य सरकार ने शंभू बॉर्डर बंद कर अंबाला के कारोबारियों को कारोबार छोड़ने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अंधी बहरी हो चुकी है। जैन ने कहा कि जब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश चुका है। इसके बावजूद सरकार ने हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर बॉर्डर खोलने स मना कर दिया। उल्टा सरकार आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई। उन्होंने कहा कि इससे साफ हो गया कि राज्य सरकार को अंबाला के कारोबारियों, युवाओं और कर्मचारियों से कोई सरोकार नहीं है।

### मुंह पर लगाया ताला

अभियान के दौरान रोहित जैन ने अंबाला शहर की पहली नागरिक एवं मेयर शक्ति रानी शर्मा व उनके पति एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दस साल अंबाला शहर से विधायक बन चुके विनोद शर्मा व उनकी मेयर पत्नी शक्ति रानी शर्मा ने एक बार फिर शंभू बॉर्डर खुलवाने की वकालत नहीं की। उन्होंने कहा कि ये नेता भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। इसी वजह से इन लोगों ने अपने मुंह पर ताला लगाया हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री शर्मा शहर की जनता को आईएमटी के जरिए गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जैन ने कहा कि यही स्थित परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल की है। शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर वे भी न तो व्यापारियों के पक्ष में खड़े दिख रहे हैं न ही उन्हें आम नागरिकों की चिंता है। उन्होंने कहा कि अब तो परिवहन मंत्री भी पूर्व मंत्री विनोद शर्मा के साथ मिलकर जनता का बेवकूफ बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

### राज्यमंत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर दिए आदेश

# प्राथमिकता के आधार पर अधिकारी समस्याओं का समाधान करें: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

*राज्यमंत्री के पास आई शिकायतों में बिजली समस्या, पेंशन लगवाने, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के बारे में व पानी की निकासी और अन्य शिकायतें शामिल थीं। कुछ लोगों ने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी शिकायतों का निवारण करने के बारे में मंत्री से अनुरोध किया।*

परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के आदेश दिए। मंत्री ने शिकायतों बारे अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। गोयल ने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि लोगों की समस्याओं का समय रहते समाधान हो। इस दौरान जंडली से माता रानी शक्ति एसोसिएशन से आए पदाधिकारियों ने मंदिर के नजदीक से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाने बारे अपनी शिकायत रखी। मंत्री ने इस मामले में कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि वे इस कार्य का प्रस्ताव तुरंत तैयार करते हुए यहां से बिजली की तारों को हटवाना सुनिश्चित करवाएं। इसी प्रकार अन्य लोगों ने लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी शिकायतों का निवारण करने के बारे में राज्यमंत्री से अनुरोध किया। इन शिकायतों में बिजली समस्या, पेंशन लगवाने बारे, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने बारे, पानी की निकासी के बारे में व अन्य शिकायतें शामिल थी। इस मौके पर संजीव गोयल टोनी, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, गुरप्रीत साना, शोभा पूनिया मौजूद रहे।

- मंदिर के नजदीक से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाने के बारे में अपनी शिकायत रखी



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### रिश्त सभ्रवाल को गोल्ड जीतने पर दी बधाई

*मंत्री ने इस मौके पर गोवा में आयोजित नेशनल यूथ समर गेम्ज चैंपियनशिप में अंबाला शहर के रहने वाले रिश्त सभ्रवाल द्वारा नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडल जीतने पर उसे बधाई दी। सभ्रवाल ने बॉक्सिंग में यह गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश व जिला का नाम रोशन किया है। राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि खिलाडियों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत का परचम लहरा रहे हैं।*



बराड़ा। सांसद को ज्ञापन सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा। फोटो : हरिभूमि

# किसानों की मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो फिर शुरू होगा नया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

- मांगों को लेकर किसानों ने सांसद को दिया ज्ञापन पीएम पर दबाव बनाने का आग्रह

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने वीरवार को सांसद वरुण चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने किसानों की विभिन्न समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने और आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। सांसद को दिए ज्ञापन में एसकेएम ने 18 वीं लोकसभा चुनाव में सांसद वरुण चौधरी की जीत पर बधाई दी। विश्वास जताया कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के नागरिकों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा में अहम भूमिका निभाएंगे। किसानों ने कहा कि देश भर के किसान और मजदूर अपनी आजीविका से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष कर रहे हैं। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, ऋण माफी, और बिजली के निजीकरण का विरोध शामिल है। एसकेएम ने कहा कि 2021 के समझौते के बावजूद केंद्र सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया है। इसके परिणामस्वरूप, किसानों को आत्महत्या, ऋणग्रस्तता और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एसकेएम ने 10 जुलाई 2024 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में स्वीकृत मांग पत्र भी संलग्न किया। इसमें 12 तत्कालिक और 8 नीतिगत मांगें शामिल हैं। तत्कालिक मांगों में सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, सर्वसमावेशी ऋण माफी योजना, बिजली के निजीकरण का विरोध, और किसानों के लिए पेंशन योजना शामिल हैं।

### यह रहे मौजूद

*मौके पर रत्न सिंह मान,जरनैल सिंह सांगवान, सुभाष गुर्जर, और गुरभजन सिंह सहित अन्य कई किसान नेता समेत काफी संख्या में किसान एकत्रित थे।*



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते डीसी डॉ. शालीन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का हो रहा निवारण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

**डीसी ने पांच शिकायतों का मौके पर किया समाधान, आठ शिकायतें जांच के लिए भेजीं**

उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि समाधान शिविर में लोगों की जो शिकायतें आ रही है उसका बेहतर समन्वय के साथ निपटान किया जा रहा है। एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी समस्याओं के समाधान पर तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं।

शिविर लोगों के लिए बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। उपायुक्त वीरवार को शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। बता दें कि वीरवार को जिले के समाधान शिविर में कुल 14 शिकायतें आई। इनमें से 5 शिकायतों का तत्काल निदान कर दिया गया। शेष 9 शिकायतों पर कार्रवाई के लिए विभागीय अधिकारियों को आदेश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उदेश्य से जिले मे जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति अपनी शिकायत या समस्या लेकर कार्यालय में जाता है तो अधिकारी उसकी समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। शिविर में नारायणगढ से आए अजय कुमार ने उपायुक्त के समक्ष शिकायत रखते हुए बताया कि उसकी फैमिली आईडी में त्रुटि थी। वह इस कार्य के लिए काफी परेशान था। उसे समाधान शिविर के बारे में पता चला जिसके बाद वह शिकायत लेकर पहुंचा। उसकी फैमिली आईडी की त्रुटि का समाधान हो गया। इसी प्रकार बलदेव सिंह ने बताया कि उसकी ताई का फैमिली आईडी में नाम गलत जुड़ गया था जिस बारे वह इस समस्या का निवारण करने के लिए यहां आए थे। यहां दिक्कत दूर हो गई। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, सीटीएम विश्वजीत सिंह, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा, डीएफएससी अपार तिवारी, डीएसपी के साथ-साथ अन्य उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# युवाओं के सुनहरे भविष्य के लिए अग्निवीर शानदार योजना



अंबाला। जिला कोषाध्यक्ष का अभिनंदन करते भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**अंबाला।** भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष आशीष तायल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा अग्निवीर युवाओं और सरपंचों के हित में की गई कल्याणकारी योजनाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। तायल वीरवार को नारायणगढ़ मंडल प्रभारी के नाते यहां एक बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना देश के युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी स्कीम है। विभिन्न राज्यों और देश की भाजपा सरकारों द्वारा इस योजना के अंतर्गत बहुत सारी सुविधाएं दी गई हैं जैसे कि अलग-अलग सुरक्षा बलों की भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्रीसैनी ने अग्निवीरों के लिए कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फारेस्ट गार्ड, जेल वार्डन, एसपीओ की सीधी भर्ती पर 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। ग्रुप बी व ग्रुप सी में सरकारी पदों के लिए निर्धारित आयु में 3 वर्ष की छूट दी जाएगी जबकि अग्निवीरों के पहले बैच के लिए यह छूट 5 वर्ष की होगी। ग्रुप सी में सिविल पदों पर सीधी भर्ती में 5% हॉरिजेंटल आरक्षण ग्रुप बी में 1% हॉरिजेंटल आरक्षण दिया जाएगा। इसके इलावा अगर किसी औद्योगिक इकाई द्वारा अग्निवीरों को 30000 महीना से ज्यादा वेतन दिया जाता है तो उस इकाई को 60000 की वार्षिक सब्सिडी सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।



बराड़ा। विजेताओं को सम्मानित करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# फोक डांस में समलेहड़ी के मॉडल संस्कृति स्कूल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

साहा के मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल समलेहडी.में खंड स्तरीय रोल प्ले और फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में साहा ब्लॉक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। फोक डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मॉडल संस्कृति स्कूल समलेहडी. की टीम ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलहेड़ी गुजरान की टीम ने और तीसरा स्थान मॉडल संस्कृति स्कूल केसरी की टीम ने प्राप्त किया। रोल प्ले में जो राजकीय माध्यमिक विद्यालय डकोला की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहटा की टीम ने प्राप्त किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में दीदार सिंह, राजेंद्र सिंह, लाजपत व वीरेंद्र धीमान ने जज की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव कुमार, विजेंद्र सिंह, कौशल कुमार, एवीआरसी सुभाष व समस्त स्कूल स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बेरोजगारी की वजह से विदेशों की ओर पलायन कर रहे युवा



अंबाला। कार्यकताओं के साथ अभियान की शुरुआत करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह।फोटो : हरिभूमि

**अंबाला शहर की हाउसिंग बोर्ड मार्केट से शुरू किया हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम**

**अंबाला।** मंत्री निर्मल सिंह ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान की शुरूआत वीरवार को अंबाला शहर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी,सेक्टर आठ,शारदा नगर,परशुराम नगर,रतनगढ़ कॉलोनी से की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार के 10 साल के कुशासन के खिलाफ जवाब मांगा। शहर के लोगों ने सड़क,सीवर,सफाई से जुडी अनेको समस्याएं भी बताई। इसके अलावा लोगों का कहना था कि वे पोर्टल और तमाम तरह की आईडी से परेशान हो चुके हैं और सरकारी विभागों के चक्कर काटकर थक चुके है। इस पर निर्मल सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि कांग्रेस सरकार आने पर इन जनविरोधी पोर्टलों से मुक्ति दिलाई जाएगी। अंबाला शंभू बॉर्डर व पूरे जिले में धारा 163 लगाने व पुलिस कंपनियों के लगाए जाने पर निर्मल सिंह ने कहा की ये सरकार किसान और किसानी के खिलाफ है। ये किसानों को खत्म करके किसानी कुछ चंद पूंजीपतियों के हाथ मे देना चाहती है। शंभू बॉर्डर को लेकर उन्होंने कहा कि बड़े हैरत की बात है ये सरकार सुप्रीमकोर्ट व हाईकोर्ट के फैसले को भी मानने को तैयार नहीं है। इससे साफ है कि इस सरकार की नीयत में ही खोट है।

### सेना के अधिकारी ने छात्रों को सेना में जाने के लिए किया प्रोत्साहित

# सेना में जाकर छात्र बना सकते हैं शानदार करियर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में बारहवीं कक्षा व एनसीसी के विद्यार्थियों के लिए भारतीय सेना को एक करियर के रूप में अपनाने से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करना और उसके बारे में विस्तार से जानकारी देना था।

इस अवसर पर भारतीय सेना से लेफ्टिनेंट विशेष चंद ने छात्रों के साथ वार्तालाप किया। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों को सांझा किया और भारतीय सेना में शामिल होने के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल के महत्व पर जोर दिया, जो सेना अपने सैनिकों को प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सेना में शामिल होने के लिए पात्रता मापदंड और उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया, जिसमें शिक्षा, यात्रा और व्यक्तिगत विकास के अवसर भी शामिल हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि भारतीय सेना दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है जिसका उद्देश्य देश की रक्षा करना है। हम सब इसलिए सुरक्षित हैं क्योंकि हमारे पीछे से भारतीय सेना सरहद पर रहकर हमारी रक्षा कर रही है। भारतीय सेना ने हमेशा से राष्ट्र की सीमा के भीतर शांति और सुरक्षा को सफलतापूर्वक बनाए रखा। हम सभी को भारतीय सेना का सम्मान करना चाहिए । भारतीय सेना में उन लोगो की भर्ती होती है जो देश के लिए मर मिटने की क्षमता रखते हैं। भारतीय सेना में भर्ती के बाद सैनिक का जीवन काफी कठिन होता है। हालाँकि वे अपना जीवन किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह शुरू करते हैं, परन्तु एक बार जब वे सेना में भर्ती हो जाते हैं, तो उनके लिए सब कुछ बदल जाता है। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं का भारतीय सेना में स्वर्णिम करियर बनाने हेतु मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों को उनकी बहादुरी और त्याग की कहानियों से प्रेरणा मिली और उन्होंने सेना में शामिल होने में रुचि दिखाई।



अंबाला। छात्रों को सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित करते सेना अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सेना देश की रक्षा को समर्पित

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बताया कि भारतीय सेना देश की रक्षा के लिए समर्पित है। देश के प्रति उनका ये निस्वार्थ बलिदान बड़े ही गर्व की बात है। कैसी भी परिस्थिति हो या कोई भी छोटी बड़ी आपदा, भारतीय सेना हमेशा सबसे आगे खड़ी रहती है। भारतीय सेना में सैनिक का जीवन संघर्षों और बलिदानों से भरा होता है। जब हम अपने घर पर उत्सव का आनंद ले रहे होते हैं, तो हमारे सैनिक हमारे पीछे से सरहदों पर हमारी रक्षा करते है हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व है और हम सब उनको इन कार्यों के लिए सलाम करना चाहिए।